हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 30 मार्च 2024
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

4 मतदान को लेकर निकायों में जन जागरूकता रैली



## खबर संक्षेप

### रामनगर में सुंदरकांड पाठ व भंडारा आज

**मनेन्द्रगढ़।** प्रत्येक शनिवार की तरह इस शनिवार को भी लगातार 115 वें सप्ताह तुर्राधाम में श्रीमती प्रतिमा चौरसिया, अजय चौरसिया रामनगर द्वारा भंडारा आयोजित किया गया है। 30 मार्च को 10 बजे से सुंदरकांड एवं 2 बजे से भंडारा का कार्यक्रम है। आयोजन समिति ने आमजनों से अपील किया है कि सपरिवार तुर्राधाम पहुंचकर सुंदरकांड एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें। तुर्रा जन कल्याण समिति रामनगर डोला द्वारा आयोजन के मद्देनजर व्यापक व्यवस्था की गई है।

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा की गई है। छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 3 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा। सरगुजा लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को मतदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135 ख, "मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी"में उल्लेखित प्रावधान अनुसार मतदान दिवस 7 मई 2024 को किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को सवेतन अवकाश स्वीकृत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। सरगुजा जिले में तृतीय चरण में मतदान किया जाना है। इस हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने सर्व विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख को पत्र जारी कर कहा है कि मतदान दिवस 7 मई को मतदान करने के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### ट्रैक्टर की टक्कर से घायल युवक की मौत

**अंबिकापुर।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्रामा कोटिया निवासी 20 वर्षीय आदित्य कुमार सिंह आ. पारसनाथ बुधवार की रात 8 बजे गांव के प्रकाश यादव के साथ अपने जीजा के घर ससकालो बाइक से गया हुआ था। देर रात दोनों युवक बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान भाटापारा के पास अज्ञात ट्रैक्टर के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आदित्य की मौत हो गई जबकि प्रकाश यादव का उपचार जारी है।

### बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**अंबिकापुर।** सड़क पार करते समय बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग जांच उपरान्त बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। सिलसिला बस्तीपारा निवासी सियाराम एक्का का पुत्र बाबूलाल एक्का 26 मार्च की रात आठ बजे घर के सामने मौजूद बंठू कुजूर के घर से मिर्च लेकर वापस लौट रहा था इस दौरान रघुनाथपुर से बतौली की ओर जा रहे पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 ईबी 6337 के चालक ने पैदल चल रहे युवक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना के बाद बाबूलाल समेत बाइक चालक व सवार सड़क पर गिर गए। घायलों को उपचार के लिए ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुर में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने जांच उपरान्त बाबूलाल एक्का को मृत घोषित कर दिया जबकि घायल चालक व बाइक सवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया।

## क्वार्टरों के मरम्मत के लिए एसईसीएल प्रबंधन नहीं दे रहा ध्यान

# भरभरा कर गिरा छत का प्लास्टर, महिला घायल



छत का गिरा प्लास्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोयलांचल नगरी चिरमिरी में स्थित केन्द्रीय विद्यालय के जर्जर स्टाफ क्वार्टर को लेकर यहां निवासरत परिवार बेहद परेशान हैं। हाल ही में क्वार्टर का छत का प्लास्टर अचानक भरभरा कर गिर गया। जानकारी के अनुसार एसईसीएल के स्टाफ क्वार्टर में केवी के एक शिक्षक के नाम पर आवंटित किया गया है। जिस दिन क्वार्टर के छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर गिरा, उस दौरान शिक्षक की पत्नी घर पर थी जो कि उक्त घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई साथ ही घर में रखा लैपटॉप भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में घायल शिक्षक की पत्नी को तत्काल उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

■ केवी चिरमिरी में कार्यरत टीचर का रहता है परिवार

उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद से क्वार्टर में रहने में डर लग रहा है। विदित हो कि विद्यालय के स्टाफ क्वार्टरों में प्लास्टर गिरने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, इसके पूर्व में भी कई अप्रिय घटनाएं घट चुकी है। एसईसीएल प्रबंधन विद्यालय के कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहा है। एसईसीएल के स्टाफ क्वार्टर में छत का प्लास्टर गिरने की यह कोई पहली घटना नहीं है, इसके पूर्व भी कई स्टाफ क्वार्टर में इस तरह के हादसे हो चुके हैं, इसके कारण ऐसे जर्जर क्वार्टर में रहने में डर लगने लगा है। वहीं इस घटना के सामने आने के साथ केवी के कर्मचारियों ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि किसी कर्मचारियों एवं उनके परिवार के साथ इस तरह की अप्रिय घटना भविष्य में होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन की होगी।

### जर्जर आवासों में रहने की मजबूरी

एसईसीएल के कई स्टाफ क्वार्टरों की हालत पुरानी होने के कारण जर्जर हो गई हैं। इसमें डर के साय में मजबूरी में कर्मचारी रहते हैं, इससे कर्मचारियों को खुद एवं अपने परिवार की चिंता बराबर बनी रहती है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल के क्वार्टर वर्षो पुराने होने के कारण जर्जर स्थिति में आ गई है। आए दिन किसी न किसी आवास के छत का प्लास्टर टूटकर अचानक गिरते रहता है।

### मरम्मत की ओर नहीं दे रहा ध्यान प्रबंधन

केन्द्रीय विद्यालय के स्टाफ क्वार्टरों की हालत जर्जर हो गई है, इसके मरम्मत की मांग कई बार विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जाती रही है, बावजूद इसके एसईसीएल प्रबंधन इसे गंभीरता से नहीं ले रह है। कई बार शिकायतों के बाद भी जर्जर क्वार्टरों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

# ईसाई समुदाय के लोगों ने मनाया गुड फ्राइडे



प्रार्थना के लिए गिरजाघर पहुंचे समाज के लोग।

**खड़गवां।** ईसाई समुदाय द्वारा प्रभु यीशु मसीह के बलिदान होने का पर्व सरभोका में शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया गया।

इस अवसर पर सरभोका और ग्रामीण क्षेत्र के गिरजाघरों में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इसके लिए शहर के प्रमुख गिरजाघर, रोमन कैथोलिक चर्च सरभोका में दोपहर 3 बजे से क्रूसरास्ता की धर्मवधि के साथ पूजा-अर्चना की गई। गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर गिरजाघर में प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। गुड फ्राइडे के दिन को दुनियाभर में ईसाई लोग ईसा मसीह के सूली पर चढ़ने और मानवता के लिए दी गई कुर्बानी की याद में मनाते हैं, इसे ब्लैक फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। गुड फ्राइडे ईस्टर संडे से पहले मनाया जाता है और यह दिन ईसाई समुदाय में सबसे खास माना जाता है। ईसाइयों की मान्यता के अनुसार इस दिन ईसा मसीह ने पूरी दुनिया से बुराई को खत्म करने के लिए अपना बलिदान दिया था। गुड फ्राइडे के दिन को ईसाई लोग बड़े शोक के रूप में याद करते हैं और फास्टिंग भी करते हैं। वहीं कुछ जगहों पर गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान और उनके अंतिम शब्दों को खास घटनाओं के रूप में दर्शाया जाता है, इसलिएए इस दिन ईसाई लोग फास्टिंग करते हैं और कई लोग मांस खाने से भी परहेज करते हैं। गुड फ्राइडे को ब्लैक फ्राइडे और ग्रेट फ्राइडे के नाम से भी जाना जाता है। गुड फ्राइडे 29 मार्च को मनाया गया। वहीं ईस्टर संडे 31 मार्च को मनाया जाएगा।

# भतीजे ने पत्नी के साथ मिलकर चाचा को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के झगराखांड़ पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी को हत्या होने के महज 48 घंटों में सुलझा ली है। दरअसल पूरा मामला जमीन से उपजे विवाद को लेकर था, जहां आरोपी भतीजे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने चाचा की हत्या कर दी।

■ 48 घंटे में सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन पनिका पिता स्व.रामलाल पनिका उम्र 57 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ जिला एमसीबी के द्वारा 27 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि सुबह करीब 7 बजे राम मनोहर का मूक बधिर लड़का उसे ईशारा कर अपने पिता के बाड़ी में पड़े होने का संकेत दिया, तब वह मौके पर सुखदेव पनिका, कृष्णा पनिका, बलदेव पनिका एवं चौकीदार सतनारायण को साथ ले जाकर देखा तो राम मनोहर मृत हालत में जमीन पर पड़ा था। पेट, सीना एवं गाल में खरौच का निशान दिख रहा था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा में लिया गया तथा मृतक राम मनोहर आत्मज स्व. हीरालाल उम्र 60 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ के शव का पीएम कराया गया। डॉक्टर के द्वारा अपने शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में मृतक की मौत हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख किए जाने पर थाना झगराखांड़ में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध 28 मार्च को धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के मार्ग निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ए.टोप्पो के निर्देशन पर गवाहो का कथन लिया गया। अपराध विवेचना के दौरान आरोपी राज कुमार पिता प्रेमलाल उम्र 33 वर्ष एवं श्रीमती बाबी पति राज कुमार उम्र 31 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## बादलों के बीच ढलते सूरज का मनमोहक नजारा..



**बैकुण्ठपुर।** बीते कुछ दिनों से लगातार मौसम साफ बना हुआ है। इस दौरान गोधूली की बेला में हल्के बादलों के बीच ढलते सूर्य का मनमोहक नजारा देखने को मिलता है, इसे देखकर मन में अलग ही तरह का रोमांच भर जाता है।

# जिला पंचायत के सभाकक्ष में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिला पंचायत सभाकक्ष में आग लगने की घटना सामने आई है। बीती रात लगी आग से सभाकक्ष में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कुर्सी टेबल को नुकसान पहुंचा है। कमरे में लगी एसी में शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

हैरानी की बात तो यह है कि कक्ष में रात को आग लगी लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लग पाई। आज सुबह जब कर्मचारी ने सफाई करने के लिए कमरा खोला तो उसके होश उड़ गए। बता दें कि जिला पंचायत परिसर में सभाकक्ष मौजूद है। इस सभाकक्ष में जिला पंचायत की बैठकों के साथ ही जिला प्रशासन की विभिन्न बैठक, प्रशिक्षण आयोजित होते है। बीती रात कार्यालय बंद होने के बाद अधिकारी कर्मचारी घर चले गए थे। आज सुबह जब कार्यालय खुलने पर कर्मचारी सफाई करने के लिए सभाकक्ष में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। सभाकक्ष में चारों तरफ आग का धुंआ भरा हुआ था और राख बिखरी हुई थी। ऐसे में उसने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। जिपं सभाकक्ष में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। अब तक की जानकारी में यह बात सामने आई है कि कमरे में लगे एसी में शार्ट सर्किट से आग लगी है और सम्भवतः आग के कारण एसी का कम्प्रेसर फट गया। आग के कारण कक्ष में लगे प्रोजेक्टर, अन्य उपकरण, सोफा, कुर्सी टेबल व दूसरे कमरे में रखे सोफा कुर्सियों को नुकसान पहुंचा है। बड़ी बात यह है कि चुनाव के दौरान इस सभाकक्ष का उपयोग प्रशिक्षण व अन्य कार्यों के लिए किया जाता है लेकिन अब आगजनी की घटना के बाद इस सभाकक्ष का उपयोग फिलहाल संभव नहीं है। इसके साथ ही गनीमत रही कि आग सिर्फ एक कमरे तक ही सिमट कर रह गई अन्यथा आग के फैलने पर अन्य कमरे भी चपेट में आ जाते और सभाकक्ष से लगे कमरों में विभागीय फाइलें मौजूद है।

## मेडिकल कालेज के दीक्षांत समारोह में डा.अलिशा को गोल्ड मैडल



**चिरमिरी।** स्व. बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल जगलपुर जिला बस्तर के तत्वाधान में 2018 बैच का दीक्षांत समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ.जेडी दुल्हानी एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. यूएस पैकरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दीक्षांत समारोह में हल्दीबाड़ी चिरमिरी की अलिशा जेना को एमबीबीएस की डिग्री सहित कम्युनिटी मेडिसिन विषय में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से नवाजा गया। डॉक्टर अलिशा जेना प्राथमिक शिक्षा स्तर से ही प्रतिभावान छात्रा रही। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के डोमनहिल चिरमिरी विद्यालय की छात्रा रही। अलिशा ने हाईस्कूल में सीजीपीएम रैंक 9.8 प्रतिशत तथा हायर सेकेंडरी में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा दिखा दी थी, इसके पश्चात नीट वर्ष 2018 की तैयारी कर स्टेट रैंक 117 प्राप्त करके एमबीबीएस प्रथम वर्ष में स्व. बलिराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल, जगदलपुर, बस्तर में प्रवेश लिया था। डॉक्टर अलिशा जेना के पिता नारायण जेना पेशे से कॉलरी कर्मचारी हैं, वें एसईसीएल में सर्वे विभाग में कार्यरत हैं। माता श्रीमती रस्मिता जेना गृहणी हैं।

# धारदार हथियार लहराते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धारदार हथियार लहराते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के द्वारा कोरिया जिला अंतर्गत अपराधों में कमी लाने के लिए कार्यवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है, इसके फलस्वरूप 29 मार्च को उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ अपने स्टॉफ आरक्षक अमित भारद्वाज, महिला आरक्षक रंजना एवं सैनिक राजेश के साथ आबकारी एक्ट एवं गिरफ्तारी वारंट के लिए देहात रवाना हुए थे। जैसे ही ग्राम सरडी पहुंचे, तो मुखबीर से सूचना मिली कि जूनापारा तिराहा के पास एक व्यक्ति लोहे का धारदार चापड़ लेकर लहरा रहा है, इससे आमजन काफी भयभीत है। इसकी सूचना एसपी को दी गई। इस पर एसपी श्री परिहार द्वारा तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। थाना चरचा की टीम मौके पर सरडी खालपारा चौक के पास पहुंची, जहां पर रोहित राजवाड़े आत्मज मोतीलाल राजवाड़े उम्र 20 वर्ष निवासी सरडी खालपारा थाना चरचा नामक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार लोहे की चापड़ लेकर लहरा रहा था, जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़कर हथियार को अपने कब्जे में लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

■ आरोपी के विरुद्ध पूर्व से ही 2 मामले हैं पंजीबद्ध

आरोपी के विरुद्ध थाना चरचा में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर जिला जेल बैकुंठपुर दाखिल किया गया है। इसके पूर्व भी आरोपी के विरुद्ध थाना चरचा में 2 मामले मारपीट के दर्ज हैं, जो प्रकरण न्यायालय में पेश है तथा विचाराधीन है।

### चरचा थाने में निगरानी बदमाशों का परेड

**चरचा कॉलरी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता को देखते हुए थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत गुंडा, बदमाश एवं निगरानी बदमाशों को पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर एवं अनुविभागीय पुलिस अधीक्षक कविता ठाकुर के निर्देश पर बुधवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल किंडों के द्वारा चरचा क्षेत्र के पूर्व में जो गुंडा बदमाशों के नाम से जाना जाता था, जिसे थाना में बुलाकर उन्हें परेड कराया गया। इसमें राजा मिश्रा, आशीष , शाकिब इराकी, पवन हलवाई, रामदेव, रामनाथ पाण्डेय, सुदेश उर्फ सुमन पनिका को थाना चरचा बुलाकर बादमाशों को सुधार लाने के लिए परेड कराया गया। निगरानी बदमाशों द्वारा कहा गया कि हम सुधर गए हैं और अपना काम धाम अच्छे से कर रहे हैं। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल किंडो, उप पुलिस निरीक्षक अब्दुल मुनाफ, प्रधान आरक्षक अरविंद कौल, साकेत मरकाम आदि शामिल रहे।

## एमपी से पहुंचे व्यवसायी, कीमत 160 रुपए तक

# गर्मी का एहसास तेज, शहर में पहुंचे देसी मटके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही शीतल पेय के लिए शहर के बाजार में कुंभकारों के द्वारा मिट्टी के घड़े का विक्रय के लिए पहुंचने लगे हैं। जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षों से चंदिया मध्यप्रदेश के व्यापारियों के द्वारा काफी मात्रा में मिट्टी के घडे व अन्य सामग्री लेकर शहर पहुंचते रहे हैं।

इस वर्ष भी गर्मी के शुरूआत में ही चंदिया मध्यप्रदेश के व्यापारी बड़ी संख्या में मिट्टी के घड़े, सुराही सहित अन्य सामग्री लेकर पहुंच गए हैं, जिनके द्वारा शहर के मुख्यमार्ग किनारे अपनी दुकान सजा दी है, जहां पर मिट्टी के घडे के साथ सुराही, मिट्टी के जग, मिट्टी के बॉटल सहित अन्य तरह के मिट्टी के बर्तन लेकर अपनी दुकाने सजा रखी है। यहां पर पहले दिन से ही खरीददारों की भीड़ जुटने लगी है। गर्मी के सीजन में बडे लोग जहां फ्रीज का उपयोग करते हैं, लेकिन सामान्य लोग जो बड़ी राशि खर्च कर फ्रीज क्रय नहीं कर सकते हैं, ऐसे परिवार के लोग गर्मी के दिनों में शीतल जल के लिए अपने घर में मिट्टी के घडे का उपयोग करते हैं।

यही कारण है कि गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में लोग अपने घर परिवार के लिए मिट्टी के घडे क्रय करते हैं, इससे कि पूरे गर्मीभर शीतल जल प्राप्त करते हैं, जिसकी वजह से गर्मी के दिनों में मिट्टी के घडे का व्यापार भी अच्छा चलता है। चंदिया मध्यप्रदेश के व्यापारी शहर में प्रतिवर्ष पहुंचते हैं और बड़ी संख्या में मिट्टी के ⏭ शेष पेज 4 पर



### सुराही, मटका के साथ मिट्टी के बॉटल व जग भी

चंदिया मध्यप्रदेश से आए घडे के व्यापारियों ने अपने साथ काफी संख्या में मिट्टी के घडे लेकर आए हैं। नल लगा घड़ा 160 रूपए प्रति नग के भाव से विक्रय कर रहे हैं, वहीं सामान्य घड़ा 140 तथा 130 रूपए प्रति नग के भाव से विक्रय कर रहे हैं, इसके अलावा इन व्यापारियों के पास मिट्टी के जग भी उपलब्ध है तथा मिट्टी के बॉटल जिसमें ढक्कन लगाकर विक्रय कर रहे हैं। मिट्टी के बॉटल 120 रूपए, मिट्टी के जग 100 रूपए में विक्रय की जा रही है। ज्यादातर लोग टोटी लगा घड़ा के साथ सुराही की खरीदी करते हैं।

### लोकल व्यापारी साप्ताहिक बाजार को पहुंचते हैं

शहर में गर्मी के दिनों में स्थानीय स्तर के कुंभकार साप्ताहिक बाजार दिवस को पहुंच कर मिट्टी के घड़े का विक्रय करते हैं। शहर में सप्ताह में दो दिन रविवार एवं गुरूवार को बाजार के दिन क्षेत्र के कुंभकार मिट्टी के घड़े लेकर पहुंचते हैं, इनके पास विभिन्न साइज के घड़े रहते हैं, साइज के अनुसार ही घडे का रेट तय रहता है। स्थानीय कुंभकारों को चंदिया के घड़ा व्यवसायियों से कड़ी प्रतिस्प्रर्धा का सामना करना पड़ता है। चंदिया के व्यापारियों के पास छोटे साइज के घडे होते हैं, इससे की दर कम रहता है और नल लगे होने के कारण खूब बिकते हैं, इसके अलावा सुराही की मांग ज्यादा रहती है, जबकि लोकल घडे के व्यापारियों के पास नल लगा घड़ा नहीं रहता।

### बुढ़ापे का सहारा बनाने युवक को लिया गोद, कर दी मां की हत्या

**सीतापुर।** बुढ़ापे का सहारा समझकर जिसे बेटे को महिला ने गोद लिया था उसने ही मां की हत्या कर दी। पत्नी के साथ चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद में बीच बचाव करने आए बुजुर्ग माता पिता पर भी युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को उपचार के लिए अस्पताल में कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम दर्रीपारा आरा निवासी मोतो बाई व कमल भगत की कोई संतान नहीं थी। ऐसे में राम प्रसाद भगत आ. रोगो को गोद लिया था और अपने बुढ़ापे का सहारा समझकर पाल रहे थे। युवक अपनी पत्नी सबीना टोप्पो, मोतो बाई, कमल भगत के साथ रहता था लेकिन युवक को अपनी पत्नी के चरित्र पर शन्देह था ऐसे में दोनों के बीच आए दिन लड़ाई झगड़ा होता रहता था। 14 मार्च की रात भी सभी लोग घर के अंदर मौजूद थे और सबीना टोप्पो घर के आंगन में थी। इस दौरान आरोपी राम प्रसाद भगत पत्नी से पुरानी बातों को लेकर विवाद करने लगा कर बांस के डंडे से पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान युवक ने पत्नी के सिर व व पीठ पर हमला किया। मारपीट होता देख मां मोतो बाई और पिता कमल भगत बीच बचाव करने पहुंचे तो युवक ने उनपर भी हमला कर दिया और दोनों की बेदम पिटाई कर दी। इस बीच दहशत में आकर सबीना भाग निकली। इधर घटना के बाद घायल बुजुर्ग दम्पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां गंभीर चोट के कारण 23 मार्च को महिला मोतो बाई की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले में धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## वूल्वरिन की भूमिका दोहराने के लिए ह्यू जैकमैन ने की कड़ी मेहनत



ह्यू जैकमैन ने 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने के लिए जमकर पसीना बहाया है। 55 साल के सुपरस्टार का वर्कआउट वीडियो एमसीयू फैंस को उत्साहित कर रहा है। ह्यू जैकमैन ने अपना वर्कआउट रूटीन साझा कर फैंस को आश्चर्यचकित कर दिया है। ह्यू 'डेडपूल 3' में प्रतिष्ठित सुपरहीरो वूल्वरिन की अपनी भूमिका को दोहराने की तैयारी कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए थ्रोबैक वीडियो में, 55 साल के अभिनेता ने अपने प्रभावशाली बाइसेप्स को फ्लॉन्ट किया। पिछले साल लिया गया फुटेज, मस्कुलर और क्लासिक एक्स-मेन दिखने के लिए जैकमैन के समर्पण को दर्शाता है। ह्यू को अपने ट्रेनर बेथ लुईस के मार्गदर्शन में खुद को आगे बढ़ाते देखा गया। वीडियो में लुईस के प्यारे साथी एंडी को भी दिखाया गया है, जो हॉलीवुड स्टार को बाइसेप्स एक्सरसाइज पूरा करने के लिए मजाकिया अंदाज में प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। 'डेडपूल 3' में जैकमैन के साथ रयान रेनॉल्ड्स मुख्य भूमिका में हैं। इसका फिल्मांकन जनवरी में समाप्त हो गया और फैंस को पिछले महीने के सुपर बाउल के दौरान पहला ट्रेलर देखने को मिला। वीडियो में, दर्शक द ग्रेटेस्ट शोमैन स्टार को वजन उठाते हुए देखकर उनके मुरीद हो गए हैं। एक फैन ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, 'जब भी आप ये वीडियो पोस्ट करते हैं तो इससे मुझे अपने प्रशिक्षण को जारी रखने के लिए प्रेरणा मिलती है।

### टॉलीवुड

## 'मिस्टर बच्चन' बन धमाल मचाने को तैयार रवि तेजा



साउथ के मास महाराजा रवि तेजा इन दिनों हरीश शंकर के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म 'मिस्टर बच्चन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का नया शेड्यूल उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 24 मार्च को शुरू हुआ। फिल्म के सेट पर रवि तेजा ने शूटिंग शुरू की। वहीं अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है और साथ ही इसकी रिलीज की तारीख को लेकर भी नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। 'मिस्टर बच्चन' की टीम फिल्म के नए शेड्यूल को जल्द से जल्द खत्म करने के विचार में है। निर्माताओं ने फिल्म की शूटिंग को जून तक पूरा करने की योजना बनाई है। वहीं, निर्माता 'मिस्टर बच्चन' को इस साल जुलाई में रिलीज करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। लखनऊ में शुरू हुई शूटिंग का लक्ष्य इस अवधि के दौरान फिल्म का आधा हिस्सा पूरा करना है। इससे पहले रवि तेजा ने संयुक्त राज्य अमेरिका में छुट्टियों के दौरान अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए शूटिंग से छोटा ब्रेक लिया था। ब्रेक के बाद अब रवि तेजा शूटिंग सेट पर वापस आ चुके हैं। वहीं बात करें फिल्म की तो 'मिस्टर बच्चन' को अजय देवगन की लोकप्रिय हिंदी फिल्म 'रेड' का आधिकारिक रीमेक माना जा रहा है। फिल्म में रवि तेजा में एक सरकारी कर्मचारी के रूप में नजर आएंगे, जिसमें एक सामाजिक संदेश भी है। वहीं, भाग्यश्री बोरसे इस थ्रिलर फिल्म में रवि के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं फिल्म में अभिनेता के अवतार को लेकर भी चर्चा हो रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के नाम की तरह ही रवि का लुक होगा यानी फिल्म में रवि तेजा का लुक बॉलीवुड के बिग बी से प्रेरित है और इसमें अमिताभ बच्चन के जीवन के युवा दिनों का लुक दिखाया जाएगा। वहीं बात करें रवि के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता को आखिरी बार एक्शन से भरपूर थ्रिलर 'ईगल' में एक क्रूर हत्यारे की भूमिका में देखा गया था। वहीं अब फैंस बेसब्री से 'मिस्टर बच्चन' से जुड़ी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' आज से दर्शकों के लिए अनूठी प्रेम कहानी



खुश्बू फिल्म्स वल्ड के बेनर तले बनी एवं खुश्बू जायसवाल द्वारा निर्मित तथा राजा खान द्वारा लिखित व निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'चाहत' 29 मार्च से रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी, बिलासपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में प्रदर्शित होने जा रही है। राजा खान ने बताया कि अब तक छत्तीसगढ में बनी सभी फिल्मों से हटकर ये एक अनोखी प्रेम कहानी है। छॉलीवुड के चाकलेटी हिरो आकाश सोनी एवं यास्मीन जायसवाल द्वारा अभिनित इस फिल्म के गाने यू ट्यूब चैनल पर धूम मचा रहे हैं। डॉ. खुश्बू जयसवाल ने बताया कि फिल्म में रानू वर्मा,संजय जैन, पवन मानिकपूरी और रिंकू राजा ने महती भूमिका निभाई है। हालांकि यास्मीन जायसवाल की ये पहली फिल्म है लेकिन उन्होंने अपनी इस पहली ही फिल्म में बहुत ही उम्दा रोल किया है। वहीं इसमें रिंकू राजा ने इंस्पेक्टर का बहुत ही जबर्दस्त रोल किया है। इस फिल्म के लेखक राजा खान है और पहली बार वे कोरियोग्राफी भी की है। जा खान द्वारा निर्देशित ये दूसरी फिल्म है जो प्रदर्शित होने जा रही है, इससे पहले उनकी बहुचर्चित फिल्म घरौदा प्रदर्षित हो चुकी है, जो शुद्ध पारिवारिक, कमेडी और एक बहुत ही अच्छी संदेशप्रद कहानी थी, जिसे सभी ने बहुत पसंद किया था। राजा खान ने घरौदा में एक और प्रयोग करते हुए छॉलीवुड के चरित्र अभिनेता शमशीर सिवानी से जबर्दस्त कॉमेडी करवाया था जो छॉलीवुड में बेहद ही चर्चा का विषय बना था। इस फिल्म के गीतकार ओमप्रकाश यादव, लक्ष्मण सियाराम, विनोद बोरकर, राहुल डडसेना, सुभाष यादव, संगीतकार ओमप्रकाश यादव, कोरियोग्राफर राजा खान, संजू तांडी, एनटीआर है जबकि गीतों को अपने मधुर और सुरीली आवाज से संजोया है छॉलीवुड के सुपर गायक सुनील सोनी, ओमप्रकाश यादव, अनुराग शर्मा, अनुपमा मिश्रा ने। इसके फाईट मास्टर टार्जन है।


### कोरियन जादू

लाइफ स्टाइल



स्ट्रे किड्स के कोरियन पॉप सुपरस्टार फेलिक्स ने लुई वुइटन फॉल विंटर 2024 शो में सबको चौंका दिया। लक्जरी फैशन हाउस के राजदूत इस 23 वर्षीय रैपर ने पेरिस फैशन वीक के दौरान 'स्क्विड गेम' ब्रेकआउट जंग होयोन के साथ शो के समापन का नेतृत्व किया। फेलिक्स और जंग होयोन पेरिस फैशन वीक के हिस्से के रूप में लुई वुइटन वूमेन्सवियर शो के दौरान रनवे पर चले।

## चेहरे को सिर्फ धोना काफी नहीं, निखार के लिए इन तरीकों को भी अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे अपने चेहरे और त्वचा से प्यार ना हो लेकिन सर्दी का मौसम त्वचा का निखार कम देता है। सर्दी के इस मौसम में रूखी-सूखी त्वचा से हर कोई परेशान रहता है। इसके लिए लोग कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, ताकि त्वचा का ग्लो बरकरार रहे। इन सभी प्रोडक्ट का इस्तेमाल साफ चेहरे पर ही किया जाता है। ऐसे में आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा, कि दिन में कम से कम दो बार चेहरा धोना जरूरी होता है।

ये बात सच भी है लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ चेहरा धोने से आप स्किन केयर नहीं कर सकते। इसके लिए आपको कई स्टेप्स फॉलो करने चाहिए। इन तरीकों के बारे में बहुत से लोगों को नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे स्किन केयर स्टेप्स बताएंगे, जिसका फॉलो करना बेहद ही आसान है और इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

**मेकअप को करें साफ:** कहीं भी बाहर से आने के बाद आपका पहला काम मेकअप रिमूव करना होना चाहिए।। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इससे आपके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

**करें डबल क्लींजिंग:** हर किसी को चेहरे की डबल क्लींजिंग ही करनी चाहिए। इसके लिए पहले ऑयल बेस्ड क्लींजर का उपयोग करना है और उसके बाद एक वॉटर बेस्ड क्लींजर का।

**एक्सफोलिएशन का रखें ध्यान:**

चेहरे को ग्लोइंग बनाने के लिए आप रोज स्किन को एक्सफोलिएट जरूर करें। इससे चेहरे के पोर्स सही तरह से खुल जाएंगे।

**सीरम करें इस्तेमाल:** चेहरे पर होने वाले दाग-धब्बों को साफ करने के लिए फेस सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। इसे हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से ही खरीदें।

**आई केयर:** अपने पूरे चेहरे का ध्यान रखने के दौरान आंखों को भूलें नहीं। इसके लिए आपको बस अंडर आई मास्क का इस्तेमाल करना है। इससे आंखों के नीचे होने वाले काले घेरों से छुटकारा मिलेगा।

**चेहरे के हाइड्रेशन का रखें ध्यान:** मौसम बदलने के साथ-साथ आपको अपने चेहरे के हाइड्रेशन का ध्यान जरूर रखना चाहिए। इसके लिए चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें।

## इफ्तार पार्टी में होना है शामिल तो पहनकर जाएं इस तरह के सूट



फैशन

रमजान के पाक महीने की शुरुआत हो चुकी है। इस पूरे महीने लोग अल्लाह से अपने और अपने परिवारवालों के लिए दुआ मांगते हैं। इसके साथ ही वो सच्चे मन से अल्लाह की इबादत करते हैं। इस पूरे महीने लोग रोजा भी रखते हैं, जो हर किसी के लिए काफी अहम होता है।



रोजे के दौरान सुबह सूरज निकलने से पहले सहरी खाकर इबादतों का सिलसिला शुरू होता है। इसके साथ ही सूरज ढलने के बाद रोजा खोल लिया जाता है। रोजा खोलने के लिए कई जगहों पर इफ्तार की दावत का आयोजन किया जाता है। इफ्तार की दावत बहुत से लोग अपने घरों में भी आयोजित करते हैं।

अगर आप भी कहीं इफ्तार की दावत में जाने वाली हैं, लेकिन कपड़ों को लेकर संशय में हैं कि क्या पहनकर जाना उचित होगा तो हम आपको कुछ ऐसे सूट दिखाने जा रहे हैं, जो आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

**लाल अनारकली:**

ऐसा लाल शॉर्ट अनारकली कुर्ता चूड़ीदार पायजामी के साथ कमाल का लगेगा। इसके साथ आप चाहें तो हील्स भी कैरी कर सकती हैं। खुले बाल आपके इस लुक में चार चांद लगाने का काम करेंगे।



**डीपनेक अनारकली:** अगर ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो इस तरह का डीपनेक अनारकली सूट आप अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसे बनवाते वक्त ध्यान रखें, कि इसमें घेर अच्छा खासा होना चाहिए।


**गुलाबी कॉटन सूट:** अगर चाहें तो ऐसा गुलाबी रंग का चिकनकारी सूती सूट आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। ऐसा सूट गर्मी के इस मौसम में काफी सही रहता है। इसे पहनकर आप और खूबसूरत दिखेंगी।

**फ्लोरल प्लाजो:** गर्मी का मौसम आ गया है। ऐसे में आप चाहें तो ऐसा फ्लोरल वर्क वाला कुर्ता और प्लाजो पहनकर अपना जलवा दिखा सकती हैं। इसके साथ अगर आप नोज रिंग पहनेंगी, तो आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। अगर आपके पास कोई सिल्क की पुरानी साड़ी रखी है, तो आप उसकी मदद से सिल्क का अनारकली सूट तैयार करा सकती हैं।

## सोने और चांदी की ज्वेलरी जितनी ही खूबसूरत दिखती है ब्रास ज्वेलरी, जाने रख-रखाव का तरीका

ब्रास की ज्वेलरी की डिजाइंस और उसके रखरखाव के तरीकों को जानने के लिए आप एक्सपर्ट द्वारा दी गई जानकारी इस आर्टिकल में पढ़ सकती हैं। महिलाओं के श्रृंगार को तब तक अधूरा माना जाता है, जब तक वह ज्वेलरी न कैरी करें। वैसे तो भारतीय महिलाओं की पहली पसंद गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी है, मगर आजकल मॉडर्न और फैशनेबल ज्वेलरी का फैशन है। गोल्ड या सिल्वर की ट्रेडिशनल ज्वेलरी को रोज पहने जाने वाले कपड़ों के साथ नहीं पहना जा सकता है। बहुत सी महिलाओं को तो रोज ज्वेलरी बदल-बदल कर पहनने का शौक होता है। ऐसे में बाजार में आपको इमिटेशन ज्वेलरी में बहुत सारे विकल्प मिल जाएंगे। आजकल तो रोमन कल्चर में लोकप्रिय टाइटेनियम स्टील से बनी ज्वेलरी का फैशन चल रहा है। इसके अलावा मार्केट में आ रही ब्रास ज्वेलरी भी महिलाओं के बीच बहुत ज्यादा प्रचलित हो रही है।

ब्रास ज्वेलरी के साथ प्लस प्वॉइंट यह है कि इस पर गोल्ड या सिल्वर की पॉलिश चढ़ जाए, तो यह बहुत ही एक्सपेंसिव लुक देती है। अच्छी बात तो यह है कि पॉकेट फ्रेंडली होने के साथ ही आपको ब्रास ज्वेलरी में बहुत अच्छे डिजाइंस मिल जाएंगे। इस ज्वेलरी के बारे में हमने खास बातचीत की गार्गी बाय पीएन गाडगिल एंड सन के को-फाउंडर आदित्य मोदक से। आदित्य बताते हैं, 'ब्रास ज्वेलरी एलोय को मिक्स करके बनाई जाती है, इसलिए यह सोने-चांदी की ज्वेलरी की तरह डेलिकेट नहीं होती है। आप इसे लंबे समय तक कैरी कर सकती हैं। इसमें आपको ट्रेडिशनल और मॉडर्न, दोनों तरह की ज्वेलरी मिल जाएगी।' इतना ही नहीं, आदित्य से हमने ब्रास ज्वेलरी से जुड़ी और भी कई रोचक बातें जानी हैं, जो हम इस आर्टिकल में आपको बताने जा रहे हैं।



## लाल रंग की चूड़ी के ये सेट हैं नए, देखें डिजाइंस और बढ़ाएं हाथों की खूबसूरती

हाथों की खूबसूरती को दोगुना करने के लिए आप रंग-बिरंग चूड़ियों को लाल रंग के कंगन के साथ भी पहन सकती हैं।

हम सभी ट्रेडिशनल लुक के साथ तरह-तरह के चूड़ी के सेट बनाकर पहनते हैं। वहीं सुहागने ज्यादातर लाल रंग की चूड़ियां पहनना पसंद करती हैं। हालांकि चूड़ियों को इंडो-वेस्टर्न और कईवेस्टर्न लुक्स के साथ भी स्टाइल किया जाने लगा है।

लाल रंग में आपको कई डिजाइन वाली चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी, जिन्हें आप कई तरीके से हाथों में पहन सकते हैं और हाथों की खूबसूरती को बढ़ा सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं लाल रंग की चूड़ियों के कुछ नए सेट और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके-



### लाल-हरी चूड़ी सेट

हरे के साथ ज्यादातर लाल रंग की ही चूड़ियां पहनी जाती है। इसमें आप बारीक चमकीली वाली चूड़ी खरीद सकती हैं। इस तरह की चूड़ी रोजाना से लेकर किसी पार्टी लुक के लिए भी पहनी जा सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के बीच में चौड़े डिजाइन का कंगन भी पहन सकती हैं।

### गोल्डन कंगन के साथ लाल चूड़ी सेट

गोल्डन कलर अपने आप में ही काफी खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। इसमें आप लाल रंग की चूड़ियों के साथ गोल्डन कलर के कंगन का सेट बनाकर पहन सकती हैं। इस तरह के कंगन के साथ पर्ल डिजाइन की पतली चूड़ियां भी बेस्ट लुक देने में मदद करेगी।

### लाल-पीली चूड़ी सेट

लाल के साथ पीले रंग का कलर कॉम्बिनेशन बेस्ट नजर आता है। इस तरह की लाल-पीली चूड़ियों के साथ में आप हरे रंग या पिंक कलर को भी शामिल कर सकती हैं। यह चूड़ी सेट हर कलर के कपड़ों के साथ आसानी से मैच भी करता है।


### कार्नर न्यूज

### बालों को पीछे करने के अलावा भी जानिए और टिप्स

## स्लिक हेयर बैक स्टाइल के लिए करनी होती है खास तैयारी, स्टेप बाय स्टेप ये टिप्स आएंगे काम

स्लिक हेयर बैक लुक में आपने कई हीरो को देखा होगा। लेकिन बालों को सिर्फ पीछे कर लेने से ही ये स्टाइल नहीं बन जाता है। बल्कि इसके लिए कुछ तैयारी भी करनी होती है। ताकि ये स्टाइल कुछ देर तक तो रुके ही। इसके लिए बालों को स्टाइल देने के दौरान भी कुछ टिप्स फॉलो करने होंगे। इतना ही नही ये स्टाइल देने के पहले भी कुछ टिप्स आजमा लिए जाएं तो ये स्टाइल कैरी करना आसान हो जाता है। स्लिक हेयर बैक के लिए क्या-क्या करना होगा जानिए-

बालों को धोने के बाद इन्हें हवा में सूखने न दें। बल्कि इन्हें टॉवल से बस पोंछ दें। दरअसल हल्के गीले बालों में स्टेलिंग प्रोडक्ट अच्छे से एक्टिवेट हो पाते हैं।



बाल ग्रीसी न हों, याद रखें क्योंकि बाल जितने ज्यादा ग्रीसी होंगे इनका स्टाइल उतनी ही जल्दी खराब होता जाएगा।


इस हेयर स्टाइल के लिए बड़े दांतों वाला कंघा ही इस्तेमाल करें। इससे बाल आसानी से पीछे की ओर जाते हैं।


अब कंघे को शुरू में रूट से पीछे की ओर न ले जाएं। बल्कि शुरू में इन्हें बालों के अंत की ओर से चलाएं। इसके बाद धीरे-धीरे रूट से कंघा चलाना शुरू करें।

अब बालों को थोडा आराम दें। ये कुछ देर में अपनी जगह सेट हो जाएंगे।

बालों को पूरी तरह ब्लो ड्राय न करें। इससे बालों को स्ट्रेट होने में मदद मिलेगी।

अब आप चाहें तो बालों को स्ट्रेट या अपनी जगह स्टिक रखने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को बालों के बाहर की ओर लगाएं। इनको 15 से 20 सेकंड के लिए सेटेल होने दीजिए।





अब अपने हाथों को बालों के ऊपर चलाएं ताकि प्रोडक्ट पूरे सिर पर आसानी से फैल सके। प्रोडक्ट के हाथों में लग जाने का डर है तो हल्के गर्म पानी में हाथों को डुबो लें और फिर बालों में प्रोडक्ट को डिस्ट्रीब्यूट करें।

अब बालों में कंघे का इस्तेमाल करें। इसे फॉरहेड से पीछे की ओर ले जाएं। आप चाहें तो इन्हें ब्लो ड्राय कर सकते हैं। लेकिन बालों में बार-बार हाथ न लगाएं।

29 March -Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg3_Layout 1 3/29/2024 8:01 PM Page 1





# कपिल शर्मा को मिला लग्जरी घर, एयरपोर्ट और कप्पू कैफे

**मुंबई।** जब से कपिल शर्मा के शो का नया सीजन अनाउंस हुआ है, तब से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। न सिर्फ नए सीजन का नाम बदला है, बल्कि कपिल शर्मा का घर और पता भी बदल गया है। अब शो का नाम 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' है, जो 30 मार्च से रात 8 बजे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। कपिल शर्मा का नया घर बेहद खूबसूरत है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सेट पिछले सीजन के सेट के मुकाबले काफी आलीशान और लग्जरी वाला है। इसमें एयरपोर्ट से लेकर वेटिंग लाउंज और यहां तक कि कप्पू का स्पेशल कैफे है। कपिल शर्मा ने जब 2013 में अपने शो की शुरुआत 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' से की थी, तो शो में उनके परिवार को मिडल क्लास दिखाया गया था।

लाइफ Style



# प्रियामणि

## अजय-शाहरुख आंखों से करते हैं बातें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियामणि इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'आर्टिकल 370' की सफलता का आनंद ले रही हैं। इसके बाद वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म मैदान की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अजय देवगन की खूब तारीफ की। अभिनेत्री ने कहा, 'अजय देवगन बहुत अच्छे हैं। वह पूरी तरह से अलग हैं। वह इतने शानदार अभिनेता हैं कि वह अपनी आंखों से बहुत कुछ कह जाते हैं। मुझे अब भी वह समय याद है जब हमने साथ में शूटिंग की थी।' उन्होंने आगे कहा, 'जब भी हमने इमोशनल सीन शूट किए, मुझे याद है कि उनमें ज्यादा डायलॉग नहीं थे। फिर भी उन्हें बोलना नहीं पड़ता। उनकी आंखे, उनकी बॉडी लैंग्वेज और उनके एक्सप्रेशन बहुत कुछ कहते हैं। मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने रहीम साहब को जीवंत किया है, वह शानदार है।' प्रियामणि ने पिछले साल फिल्म 'जवान' में शाहरुख खान के साथ स्क्रीन साझा की थी। उनसे जवान में किंग खान के साथ काम करने के बारे में पूछा गया। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'वह अपनी आंखों से भी एक्सप्रेसिव हैं। वे इसे बहुत ही अलग तरीके से व्यक्त करते हैं।

'मैदान' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में अजय देवगन के साथ प्रियामणि मुख्य भूमिका में हैं। प्रियामणि इडंस्ट्री की सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। ऐसे में अभिनेत्री ने हाल ही में अजय देवगन और शाहरुख खान के साथ काम करने पर खुलकर बात की।

## हॉलीवुड मसाला



# मिसकैरेज पर किया खुलासा

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐनी हैथवे, जो अपनी आगामी रिलीज 'द आइडिया ऑफ यू' के लिए आलोचकों की तारीफ का लुफ्त उठा रही हैं, वह कई पर्सनल और प्रोफेशनल उतार-चढ़ाव से गुजरी चुकी हैं। इसका खुलासा एक इंटरव्यू में किया। ऐनी ने क इंटरव्यू में अपने संघर्षों के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने अपने जीवन के उस कठिन दौर के बारे में भी विस्तार से बताया जब उनका गर्भपात हो गया था। ऐनी ने 2019 में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था।



# डिकैप्रियो की गर्लफ्रेंड संग वायरल हुई तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड सुपरस्टार लियोनार्डो डिकैप्रियो अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपने पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। पिछले काफी समय से एक्टर का नाम मॉडल विटोरिया सेरेटी के साथ जुड़ रहा है। दोनों काफी समय से डेट कर रहे हैं। अब इस कपल को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि, दोनों ने सगाई कर ली है। ये चर्चा तब शुरू हुई तब विटोरिया सेरेटी की इंगेजमेंट फिंगर में रिंग नजर आई। लियोनार्डो डिकैप्रियो का नाम अब तक कई एक्ट्रेसेज से जुड़ चुका है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह विटोरिया सेरेटी को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई बार एक साथ पार्टी करते भी देखा गया है। अब गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस कपल की नई तस्वीरों ने फैंस को हैरान कर दिया है। लियोनार्डो और विटोरिया को लॉस एंजिल्स में एक मैक्सिकन रेस्तरां में देखा गया। इन तस्वीरों में जिस चीज ने ध्यान खींचा वो थी डायमंड रिंग।



# शादी के शोर के बीच दिखाई रिंग...

**मुंबई।** एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपनी शादी की खबरों के बीच फाइनली चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बता दिया है कि उनकी और सिद्धार्थ की शादी नहीं बल्कि सगाई हुई है। एक्ट्रेस ने गुरुवार को सिद्धार्थ के साथ एक फोटो शेयर की है और कैप्शन में उन्होंने साफ किया कि उनकी सगाई हो चुकी है। दोनों ने अपनी अंगूठियां भी फ्लॉन्ट कीं। अदिति ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'उन्होंने हां कहा!' इंगेज्ड।' उन्होंने बैकग्राउंड में सिद्धार्थ की 'चिट्ठा' के गाने का भी इस्तेमाल किया। इससे पहले, बुधवार से खबरें आ रही थीं कि अदिति और सिद्धार्थ ने 27 मार्च को तेलंगाना के एक मंदिर में गुपचुप तरीके से शादी कर ली है, जो कुछ समय से रिलेशनशिप में हैं। रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया कि यह समारोह श्रीरंगपुर के श्री रंगनायकस्वामी मंदिर मंडपम में आयोजित किया गया था।



# 'द गोट लाइफ' पर लुटाया प्यार

**मुंबई।** पृथ्वीराज सुकुमारन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदुजीविथम' उर्फ 'द गोट लाइफ' आखिरकार आज 28 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म के ट्रेलर को साउथ सुपरस्टार प्रभास ने खूब सराहा था। अब उन्होंने के बार फिर पृथ्वीराज सुकुमारन को फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं और अपना प्यार व्यक्त किया। इंस्टाग्राम स्टोरी पर प्रभास ने 'द गोट लाइफ' का एक पोस्टर साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'चमकते रहो पृथ्वीराज सुकुमारन मैंने आपका समर्पण प्रत्यक्ष रूप से देखा है और मुझे पता है कि आपने इस फिल्म पर कितनी मेहनत की है। यहां और भी बहुत कुछ है, आगे जीत के हकदार हैं। इससे पहले पृथ्वीराज सुकुमारन को प्रभास के साथ 'सालार पार्ट वनः सीजफायर' में देखा गया था।

# विक्रांत की 'द साबरमती रिपोर्ट' का टीजर रिलीज

*मुंबई। '12वीं फेल' से जलवा दिखाने वाले विक्रांत मैसी अब एक और फिल्म के साथ हाजिर हैं 'द साबरमती रिपोर्ट', जिसकी काफी दिनों से चर्चा थी। इस फिल्म में गोधरा अग्निकांड की कहानी दिखाई जाएगी। कुछ दिन पहले ही मेकर्स ने इसका एक वीडियो रिलीज किया था, और अब टीजर रिलीज किया है। 'द साबरमती रिपोर्ट' में मेकर्स दिल को झकझोर देने वाली कहानी लेकर आ रहे हैं, जो 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस में घटी थी। उस दिन साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बों में लगी आग में कई लोग जिंदा जल गए थे। करीब 59 लोगों की जानें चली गई थीं। उस खौफनाक घटना को 22 साल हो गए, पर वो जख्म आज भी ताजा हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' के टीजर में उन चीजों की झलक दिखाई गई है, जो 22 साल से छुपे हुए थे। लेकिन इसे बाहर लाने में विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जी-जान से लगे हुए हैं।*





# बेटे के जन्म के बाद अनुष्का ने पोस्ट की पहली फोटो

**मुंबई।** एक महीने से ज्यादा समय के बाद अनुष्का शर्मा इंस्टाग्राम पर वापस आ गई हैं। एक्ट्रेस लंदन में अपने नवजात बेटे अकाय की देखभाल में व्यस्त हैं, जहां वह फिलहाल रह रही हैं। उन्होंने बेटे के जन्म के बाद पहली बार गुरुवार को अपनी एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की। हालांकि, उनकी ये फोटो एक मोबाइल फोन ब्रांड का विज्ञापन है लेकिन फैंस को इससे क्या मतलब! फोटो में अनुष्का हाथ में एक स्मार्टफोन लिए नजर आ रही हैं। उन्होंने एक सफेद शर्ट और नीली जींस पहनी हुई है, छोटे बाल में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। लकड़ी की बेंच पर तकिए और कंबल बिछाकर बैठी अनुष्का अलग ही ग्लो कर रही हैं। अनुष्का ने इंस्टाग्राम पोस्ट को कैप्शन दिया, 'सुबह का सूरज और मेरे #वनप्लसओपन पर कुछ पढ़ने का समय - दिन की शुरुआत करने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है।'

# यशराज की स्पाई यूनिवर्स में बॉबी देओल की एंट्री

**मुंबई।** 'एनिमल' में अबरार का खूंखार किरदार निभाने वाले बॉबी देओल की झोली अब फिल्मों से भरती जा रही है। साउथ में सूर्या की 'कंगुवा' के बाद उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है। बॉबी देओल की यशराज की स्पाई यूनिवर्स में एंट्री हुई है। जी हां, ताजा रिपोर्ट यह है बॉबी 'स्पाई यूनिवर्स' की अपकमिंग फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ के सामने खतरनाक विलेन बनकर खड़े होंगे। दिलचस्प है कि 'एनिमल' में बॉबी के सामने रणबीर कपूर थे और अब उनकी पत्नी आलिया से उनका सामना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शिव रवैल के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में आलिया भट्ट महिला जासूस की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म में आलिया के साथ शरवरी वाघ भी रॉ एजेंट बनेंगी। दोनों एकसाथ एक मिशन को अंजाम देंगी।



# कलाकारों की सभी फिल्में हिट नहीं होती



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोत इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, हाल ही में उन्होंने 2024 में बीजेपी की टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। अब एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपने करियर पर भी खुलकर बात की है। इंटरव्यू में जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वह राजनीति में इसलिए आ रही हैं, क्योंकि उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। चलिए जानते हैं उन्होंने इस सवाल का क्या जवाब दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में कंगना रनोत ने अपने कॅरियर पर बात की।

# फिल्म 'क्रू' की एडवांस बुकिंग शुरू




*मुंबई। कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'क्रू' की रिलीज के लिए तैयार है। शुक्रवार को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से दर्शकों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं, इसके गाने को भी खूब पसंद किया जा रहा है। इस बीच फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है, जिससे उम्मीद है कि फिल्म को फर्स्ट डे अच्छी ओपनिंग मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'क्रू' ने अपने एडवांस बुकिंग कलेक्शन में 4431 शो के लिए 31,126 टिकट बेचे हैं, जिससे फिल्म ने रिलीज से पहले ही लगभग 72 लाख रुपये की कमाई कर ली है। मेकर्स को उम्मीद है कि अभी आंकड़ों में और बढ़ोत्तरी हो सकती है, जिससे फर्स्ट डे फिल्म को अच्छी ओपनिंग मिल सकती है।*

# पहले झेला रिजेक्शन, अब अदाकारी से लूटते हैं वाहवाही

*मुंबई। जिंदगी में हर किसी को कभी न कभी रिजेक्शन का सामना जरूर करना पड़ता है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में मौजूदा समय में कई ऐसे सितारे हैं जिनकी फैन फॉलोइंग करोड़ों में है। वे अपनी फिल्मों से लोगों के दिलों पर राज करते हैं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इनमें से कुछ बड़े नाम अपने करियर के शुरुआती दौर में ऑडिशन के दौरान रिजेक्शन का सामना कर चुके हैं।*



### रणवीर सिंह

*रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, पद्मावत, सिम्बा, गली बॉय जैसी फिल्मों में अपनी शानदार अदाकारी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले रणवीर सिंह आज फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। हालांकि, शुरुआती दौर में पैर जमाने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा था। एक साक्षात्कार के दौरान निर्देशक अनुराग कश्यप ने खुलासा किया था कि शैतान के ऑडिशन के दौरान रणवीर को उन्होंने रिजेक्ट कर दिया गया था।*

### आलिया भट्ट

इस लिस्ट में आलिया भट्ट का नाम भी शामिल है। गंगूबाई काठियावाड़ी, उड़ता पंजाब, राजी और गली बॉय जैसी फिल्मों में उन्होंने शानदार अभिनय से लोगों के दिल जीते हैं। हालांकि, बहुत कम ही लोगों को यह बात पता है कि वे भी ऑडिशन में रिजेक्ट हो चुकी हैं। आलिया ने कथित तौर पर 17 साल की उम्र में वेक अप सिड के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन यह फिल्म उनके हाथ नहीं लग सकी थी।





### विक्की कौशल

विक्की कौशल ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री में खास मुकाम हासिल कर लिया है। फिल्म सैम बहादुर और डंकी में उनकी अदाकारी को लोगों ने खूब पसंद किया। मसान, राजी, मनमर्जियां में प्रभावशाली जैसी फिल्मों में वे अपनी एक्टिंग से लोगों को प्रभावित कर चुके हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि विक्की ने भाग मिल्खा भाग के लिए ऑडिशन दिया था? हालांकि, राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म उन्हें नहीं मिल सकी थी।

### रणबीर कपूर

रणबीर कपूर मौजूदा समय के सबसे बड़े फिल्म सितारों में से एक हैं। उनकी फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की है। हर बड़े से बड़ा डायरेक्टर आज उनके साथ फिल्म बनाना चाहता है, लेकिन एक ऐसा भी समय था जब उन्हें रिजेक्शन का सामना करना पड़ा था। कम ही लोग जानते हैं कि रणबीर ने फिल्म द रिलक्टेंट फंडामेंटलिस्ट के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन निर्देशक मीरा नायर ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया था, क्योंकि वे उस भूमिका में फिट नहीं थे।





### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण न केवल बॉलीवुड में एक बेहतरीन कलाकार के रूप में पहचानी जाती हैं बल्कि हॉलीवुड भी उनकी बेहतरीन एक्टिंग का लोहा मान चुका है। बॉलीवुड की टॉप की अभिनेत्रियों में शुमार होने वाली दीपिका भी रिजेक्शन का दर्द झेल चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### आंध्र समाज की बैठक में श्रीराम नवमीं पूजा के आयोजन पर चर्चा



**मनेन्द्रगढ़।** आंध्र समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रेलवे कालोनी मनेन्द्रगढ़ में आयोजित की गई। बैठक में विगत लगभग 72 वर्ष से निरंतर आयोजित होने वाले श्रीराम नवमी पूजा एवं जन्मोत्सव के आयोजन को प्रतिवषार्नुसार पूर्ण श्रद्धा और दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार किए जाने का निर्णय लिया गया। आयोजन में चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी से दसवीं तक आयोजन किया जाता है। प्रथम दिवस स्थापना एवं जन्मोत्सव, द्वितीय दिवस माता जानकी एवं श्रीराम का विवाहोत्सव, तृतीय दिवस भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक किया जाता है, इसके बाद दक्षिण भारतीय भोजन पद्धति से पंगत में बैठाकर अन्नप्रसादम का भोजन कराया जाता है। इस आयोजन में दक्षिण भारतीय परिवारों के साथ सर्व समाज की बहुत सुंदर सहभागिता होती है। आंध्र समाज के डी गोपाल राव, जी शंकर राव, एलवी रमना, कबी एम राम, पी रमना, के लोकेश, के श्रीनू, एम रामाराव, हरी, प्रवीण, चिंटू राव, सत्याराव, सीएच विजय, प्रभाकर, मुरली और एम शेषगिरी बंडू उपस्थित रहे। सभी ने क्षेत्रवासियों को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया है।

### नई भर्ती में क्यों आ रही है रूकावटें: उस्मानी

**मनेन्द्रगढ़।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में जनरल मजदूरों के कैरियर ग्रोथ और नई भर्तियों में क्यों आ रही है रूकावटें के संबंध में हिन्द मजदूर सभा से संबद्ध कोयला मजदूर सभा के केन्द्रीय उप महासचिव अख्तर जावेद उस्मानी ने यह प्रश्न उठाते हुए कहा कि यह तो अब एसईसीएल के निदेशक मंडल के पर्यवेक्षण पर ही प्रश्न चिन्ह उत्पन्न कर रहा है। आज एसईसीएल में आश्रित और भू आश्रित के रूप में काम कर रहे जनरल मजदूर कंपनी की



एसएपी आधारित पूरी प्रणाली को चला रहे हैं। ऐसे लोग हैं जिन्हें एक्सेन्चर और टेक महिन्द्रा में काम का अनुभव है जो ऐसे साफ्टवेयर बना चुके हैं, जो एक एंट्री को मजदूरों से संबंधित सभी प्रकार के फार्मों में एक क्लिक से कर नाम के स्पेलिंग और हर फार्म में व्याप्त विसंगतियों में एक रुपता लाने वाला सिद्ध होगा, लेकिन ऐसे योग्य जनरल मजदूर भी जनरल मजदूर बने रहने की यंत्रणा झेलने की व्यक्ति निर्मित नियति को झेलने के लिए मजबूर हैं। आज एसईसीएल में इंजीनियर हैं, लेकिन असिस्टेंट फोरमैन ट्रेनी बनने की आस पाले कुंठित हो रहे हैं। डाटा एंट्री ऑपरेटर की परीक्षा में 17 सवाल गलत पाए गए, करोड़ों रूपए खर्च कर दिए गए, लेकिन परीक्षा को रद्द कर दिया गया। 17 प्रश्न गलत उत्तर के साथ बनाने वाले अधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विजिलेंस विभाग को इसकी सूचना दी गई, परंतु अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई का साहस नहीं हुआ। 14 जनवरी 2016 को 660 लिपिकों के पद के लिए विभागीय कर्मचारियों के आवेदन मंगाए गए, लेकिन 13 अप्रैल 2016 को जब आदेश निकला तो मात्र 263 कर्मचारियों के। इस भर्ती में 100 नंबर में पास होने के लिए जनरल कैंडीडेट के लिए 27 मार्क्स तथा आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 24 मार्क्स रखे गए थे। 859 श्रमिकों ने इन पासिंग मार्क्स को पास किया। इसमें दो प्रश्न गलत भी थे, परंतु 660 के स्थान पर केवल 263 लोगों की चयन सूची जारी की गई।

### जन शिक्षकों ने ली शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ



**ओड़गी/भैयाथान।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, जिपं सीईओ व स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बीईओ कार्यालय ओड़गी में परीक्षा हेतु पेपर-कॉपी लेने आए जन शिक्षकों ने शत-प्रतिशत मतदान करने का शपथ लिया। जन शिक्षकों ने अपने संकुल क्षेत्र के ग्रामों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने एवं शत-प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया। इस दौरान एबीईओ श्रीराम प्रधान, बीपीओ मोहम्मद महमूद एवं जन शिक्षक उपस्थित थे।

### बैठक में जैविक खेती एवं पौधरोपण पर हुई चर्चा

**सोनगरा।** ग्राम पंचायत शिवपुर में जैविक खेती को लेकर ग्रामीणों की बैठक की गई। इस दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने और संगता पुरखौती में शेयर एवं पौधरोपण के संबंध में चर्चा की गयी। बीमारी की रोकथाम के लिए नीम का तेल बनाकर छिड़काव करने की समझाइश दी गई। गर्मी के धान पूर्णिमा में ब्रमशास्त्र का छिड़काव किया गया और खेतशाला प्रयोग किया गया।

पहली बार आया हाथियों से खतरा होने का ध्यान

# एसजीजीयू का भकुरा परिसर हाथियों का रहवास क्षेत्र, सुरक्षा के लिए चारों तरफ बनेगा ईपीटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि को ग्राम पंचायत भकुरा में आवंटित भूमि हाथियों का पारंपरिक रहवास क्षेत्र है। अपने आवागमन के दौरान हाथियों का दल यहा एक-एक सप्ताह तक रूकता है। प्रशासनिक भवन को नए परिसर में शिफ्ट करने की तैयारियों के बीच पहली बार विवि प्रबंधन का ध्यान इस बड़े खतरे की ओर गया है। प्रबंधन ने हाथियों की सुरक्षा के लिए चारों तरफ हाथी सुरक्षा खंती टूपीटी तैयार करने का निर्णय लिया है। प्रशासन द्वारा संत गहिरा गुरू विवि को आठ वर्ष पूर्व शहर से 15 किमी दूर ग्राम पंचायत भकुरा में लगभग 221 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी। तत्कालीन कुलपति डॉ.रोहिनी प्रसाद के कार्यकाल में परिसर तक संपर्क मार्ग का निर्माण करने के साथ ही बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराय गया था। भूमि को विकसित करने की योजना बन ही रही थी कि कुलपति पद को लेकर विवाद खड़ा हो गया तथा परिसर को विकसित करने योजना ठप हो गई। कालांतर में शासन द्वारा भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने के उपरांत विभिन्न कार्यालयों छात्रावास एवं आवासीय भवनों का निर्माण भी प्रारम्भ कर दिया गया। इस दौरान किसी के भी संज्ञान में यह बात नहीं आई कि विवि का घाटी-पहाड़ी युक्त भकुरा परिसर हाथियों के पारम्परिक मार्ग में शामिल है तथा भ्रमण के दौरान परिसर की प्राकृतिक वादियों में हाथियों का दल एक सप्ताह तक विश्राम करता है। ऐसे में हाथियों से सुरक्षा का उपाय किए बिना परिसर को आबाद किया गया भ्रमण के दौरान हाथी परिसर में घुसकर तबाही मचा सकते हैं। इस स्थिति में प्रशासनिक भवन एवं फार्मेसी विभाग को शिफ्ट करने के पूर्व हाथियों से सुरक्षा का उपाय करना विवि के लिए आवश्यक है। इस बड़े खतरे से सुरक्षा के लिए विवि प्रबंधन ने चारों तरफ ईपीटी खुदवाने की योजना बनाई है। सुरक्षा के अन्य विकल्पों में अत्याधिक खर्च आने एवं लम्बा समय लगने के कारण विवि प्रबंधन ने बेहद कम समय एवं न्यूनतम खर्च में बनने वाले ईपीटी तैयार करने की योजना बनाई है। अधिकारियों का कहना है कि प्रशासनिक कार्यालय शिफ्ट करने के पहले ही ईपीटी तैयार कर लिया जाएगा।

**खास बात**

- हाथियों से सुरक्षा का उपाय किए बिना लम्बे समय से चल रही थी शिफ्टिंग की



घाट-पहाड़ के बीच विवि परिसर का मुख्य द्वार।

### चारों तरफ खोदा जाएगा 5 फीट गड्ढा

विवि प्रबंधन ने परिसर के चारों तरफ 4.5 किमी परिधि में 5 फीट गहरा एवं 6 फीट चौड़ा गड्ढा तैयार करने की योजना बनाई है। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ईपीटी का प्रयोग वन विभाग कर चुका है। हाथी इस गहरे गड्ढे को पार नहीं कर पाते। प्रबंधन वर्षाकाल में रासेयों के माध्यम से अभियान चलाकर चारों तरफ बांस का घना प्लांटेशन करने का भी निर्णय लिया है जो विकसित होने के बाद बाउण्ड्री का विकल्प बन जाएगा। ईपीटी तैयार होने के बाद परिसर में हाथियों के पहुंचने एवं तबाही मचाने का संभावना खत्म हो जाएगी तथा परिसर सुरक्षित हो जाएगा।

### स्वयं की जेसीबी आएगी काम

ईपीटी तैयार करने के लिए विवि ने स्वयं की जेसीबी का उपयोग करने का निर्णय लिया है। विवि प्रबंधन ने घाट-पहाड़ वाले परिसर को कम खर्च में समतल करने के उद्देश्य से वर्षों पूर्व जेसीबी खरीदा था जो अनुपयोगी पड़ा है। प्रबंधन ने स्वंय की जेसीबी से ईपीटी का खनन कराने का निर्णय लिया है। स्वयं का आपरेटर एवं जेसीबी से खनन कराने पर विवि को सिर्फ इंधन एवं रखरखाव का खर्च वहन करना पड़ेगा।

### सुरक्षा आवश्यक

हाथियों का रहवास क्षेत्र होने के कारण परिसर की सुरक्षा आवश्यक है। कुलपति की सहमति उपरांत परिसर के चारों तरफ ईपीटी तैयार करने का निर्णय लिया गया है। कार्यालय शिफ्ट करने के पूर्व स्वयं की जेसीबी से ईपीटी तैयार कर लिया जाएगा।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



# उप तहसील कार्यालय से अधिकारी-कर्मचारी नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्रवासियों की सहूलियत के लिए खोला गया उप तहसील कार्यालय अव्यवस्था की शिकार हो गया है। कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी अक्सर नदारद रहते है और मनमानी के कारण काम काज ठप हो जाता है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और लोग निराश होकर वापस लौट रहे है। दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों में कर्मचारियों की मनमानी को लेकर आक्रोश है। बता दें कि विकासखंड मैनपाट के तराई में बसे ग्राम पंचायत राजापुर में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उप तहसील कार्यालय खोला गया है। तराई क्षेत्र के लोगो को राजस्व संबंधित कामो के लिए मैनपाट का चक्कर काटना पड़ता था ऐसे में उप तहसील कार्यालय की स्थापना राजापुर में की गई। सप्ताह में एक दिन यहां लिंक कोर्ट भी लगाया जाता है लेकिन शासन प्रशासन की इस मंशा पर पदस्थ कर्मचारी पानी फेरने लगे है। कर्मचारी मनमाना ढंग से कार्यालय आते है और उनकी इस लापरवाही से कामकाज ठप हो जाता है और ग्रामीण भटकते रहते है। गुरुवार को भी कार्यालय में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। ग्राम कतकलो निवासी नेल्सन एक्का अपने काम के सिलसिले में अपने साथी जयमन के साथ उप तहसील कार्यालय राजापुर पहुंचे थे। इस दौरान कार्यालय खुला हुआ था पर एक भी कर्मचारी उपस्थित नहीं थे व पूरे कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ था। बाजू में स्थित पटवारी कक्ष में दो चौकीदार आराम फरमा रहे थे। जिन्हें उठाकर जब उनसे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि सुबह से कोई कर्मचारी कार्यालय नही आया है। दोनों युवक काफी देर तक कार्यालय में कर्मचारियों के आने का इंतजार करते रहे लेकिन घंटों बाद भी कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो ग्रामीण वापस लौट गए। नेल्सन एक्का ने बताया कि मैं नकल लेने कार्यालय आया था लेकिन कोई कर्मचारी कार्यालय में नहीं था। जयमन ने बताया कि कर्मचारी अपनी मनमानी करते है जिसका नुकसान आम आदमी को झेलना पड़ता है। इस सम्बंध में तहसीलदार मैनपाट संजय सारथी ने बताया कि लंच टाइम की वजह से कर्मचारी लंच करने गए थे। लंच टाइम के बाद कर्मचारी कार्यालय आ गए थे।

- दूर दराज से आए ग्रामीणों को लौटना पड़ा वापस

# मतदान को लेकर निकायों में जन जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

स्वीप कार्यक्रम के तहत 233 ग्राम पंचायतों एवं सभी नगरीय निकायों में मतदाता जागरूकता के लिए शपथ कार्यक्रम एवं जागरूकता रैली निकाली जा रही है।

नगर पंचायत, नगर निगम एवं ग्राम पंचायत में मतदान करने के लिए शासकीय अमलों के साथ-साथ जनभागीदारी भी देखने को मिल रहा है। वोट करेंगे तभी तो बढ़ेंगे के उद्देश्य के साथ प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लोकसभा निर्वाचन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिले वासियों से अपने मत का उपयोग करने की अपील की जा रही है। 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लिए समस्त 388 पोलिंग बूथ में प्रशासन के द्वारा मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नव युवाओं से अपील की है कि लोकसभा में मतदान करने के संबंध में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वयं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में प्रचारित करें। उत्कृष्ट शार्ट वीडियो निर्माता को जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।




निकली मतदाता जागरूकता रैली।

# कॉर्डियल पब्लिक स्कूल में मनाया गया ग्रेजुशन डे

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित हर्रापारा कॉर्डियल पब्लिक हाईस्कूल में बीते दिनों ग्रेजुएशन डे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम मां सरस्वती और भारत माता के छायाचित्र पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी श्रीमती मोनिका ठाकुर, प्रभारी डीईओ जितेन्द्र गुप्ता, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर, राजेन्द्र सिंह, लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा, स्कूल के डायरेक्टर सुरेश साहू प्रमुख रुप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय के एकेडमिक कैलेंडर 2024 का विमोचन किया गया। आयोजन के दौरान विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार अतिथियों के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रिंसिपल अरविंद साहू के द्वारा सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालीन स्टाफ में शिक्षिका अंशु, निक्की, मोनिका, कोमल, लीलावती, वर्षा, अंजिता, ऋतु, रजनी, वंदना, सोना, शिक्षक कृष्णा, रवि, गजाधर, सुभद्रा, आरती सहित काफी संख्या में अभिभावकगण मौजूद रहे।

इन्होंने हासिल किए उत्कृष्ट अंक- प्रथम स्थान आकांक्षा तिवारी 95.38 प्रतिशत, द्वितीय कैशवी मिश्रा 93.88 प्रतिशत एवं तृतीय अमायरा खान 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी तरह क्लास पीपी 1 में प्रथम श्रीयंका खिरींवाड़कर 99.13 प्रतिशत, द्वितीय दिव्या राजवाड़े 96.25 प्रतिशत एवं तृतीय अराध्या साहू 95.15 प्रतिशत प्राप्त किया। इसी तरह क्लास पीपी 2 में प्रथम सिब्तैन अहमद अंसारी 96 प्रतिशत, द्वितीय सस्या साहू 94 प्रतिशत एवं तृतीय जोनसी भार्गव 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 1 में प्रथम अराध्या पटेल 96.25 प्रतिशत, द्वितीय निहाल 89 प्रतिशत एवं तृतीय अंकित देवांगन 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 2 में प्रथम संस्कार साहू 89.50 प्रतिशत, द्वितीय हसनैन अहमद अंसारी 87.38 प्रतिशत एवं तृतीय आयुष वर्मा 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 3 में प्रथम स्वरा साहू 92.25 प्रतिशत, द्वितीय अनशिका गुप्ता 85.88 प्रतिशत एवं तृतीय सौर्यदीप शर्मा 82.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 4 में प्रथम तृशा साहू 95 प्रतिशत, द्वितीय आरोही ताम्रकार 76.63 प्रतिशत एवं तृतीय आयुषमान साहू 73.88 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 5 में प्रथम अफशा नाज 87.75 प्रतिशत, द्वितीय प्रतीक लकड़ा 87.75 प्रतिशत एवं तृतीय प्रशंसा लकड़ा 80.38 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 6 में प्रथम रीतू राजवाड़े 84.50 प्रतिशत, द्वितीय ऊषा राजवाड़े 56.25 प्रतिशत एवं तृतीय कॉस कुमार 55.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 7 में प्रथम शिखा साहू 89.58 प्रतिशत, द्वितीय अनुष्का साहू 58.83 प्रतिशत एवं तृतीय दिव्या साहू 54.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। क्लास 8 में प्रथम तृप्ति सिंह 73.83 प्रतिशत, द्वितीय सलोनी मेश्राम 62.42 प्रतिशत एवं तृतीय आयुष खलखो 45.58 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी तरह नर्सरी में आकांक्षा तिवारी 100 प्रतिशत कैश्वी मिश्रा 100 प्रतिशत, पीपी 1 में अनिरूद्ध अग्रवाल 100 प्रतिशत, आशुतोष त्रिपाठी 100 प्रतिशत, श्रीनिका खिरवाडकर 100 प्रतिशत, क्लास पीपी 2 में शिबटेन अहमद अनसारी 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के बेस्ट परफॉर्मेंस शिक्षक व शिक्षिकों को भी अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति प्रत्र देकर सम्मानित किया गया।




# पूर्व माध्यामिक शाला पथरई में हुआ न्योता भोज

**सेदम।** शासकीय पूर्व माध्यामिक शाला पथरई में बुधवार को इंदिरा स्वयं सहायता समूह एवं शिक्षकों के सहयोग से न्योता भोज एवं कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। भोज के पूर्व कक्षा आठवीं के छात्र-छात्रों को कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों ने विदाई दी। इस अवसर पर प्रधानपाठक मोहन खलखो एवं दयाराम पटेल ने कहा की विदाई आपके उज्जवल भविष्य का रास्ता खोल रही हैं। भटकाव और खराब बातें हमें ज्यादा आकर्षित करती है और अच्छी बातें उबाऊ लगती है। यही समय होता है कि हम अच्छे बुरे में अंतर करें एवं सच्चे मार्ग पर चलकर नेक व्यक्ति और देश का जिम्मेदार नागरिक बने साथ ही अपने लक्ष्य को हासिल करें। विदाई उपरांत छात्र-छात्राओं ने न्योता भोज का आनंद लिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, केहटाराम, अमृतलाल पैंकरा, दयाराम पटेल, श्रीमती राधा पैंकरा, श्रीमती नूतन मिंज, देवराज सिंह मौजूद थे।



### नीट परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग की शुरुआत

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिले में नीट की तैयारी की निःशुल्क आवासीय कोचिंग की शुरुआत गुरुवार को हुई। जिले में कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले और नीट परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए निःशुल्क विशेष कोचिंग की सुविधा प्रारंभ की गई है।

# कोर कमेटी चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** लोकसभा स्तरीय विधानसभा कोर कमेटी चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक विमल श्री टाकीज में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, कोरबा लोकसभा के प्रभारी धरमलाल कौशिक, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, संभाग प्रभारी राजा पांडे, कोरबा लोकसभा के संयोजक भईयालाल राजवाड़े, सह संयोजक मनोज शर्मा, जिला प्रभारी एवं विधायक उधेश्वरी पैकरा, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री श्रीमती चंपादेवी पावले, मीडिया, आईटी, सोशल मीडिया सहित समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







## पेज 1 का शेष

### भतीजे ने पत्नी...

के विरूद्ध अपराध घटित करना सिद्ध पाया गया। पूछताछ पर जंगल की शासकीय जमीन के बंटवारा से अपने चाचा (मृतक राम मनोहर) से नाखुश होकर एवं बार-बार झगड़ा विवाद करते रहने के रंजीशवश आरोपी राजकुमार ने अपनी पत्नी बाबी के साथ मिलकर 26 मार्च की रात करीब 8 बजे डंडा, हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट कर अंदरूनी चोट पहुंचाकर हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी राज कुमार पिता प्रेमलाल उम्र 33 वर्ष एवं श्रीमती बाबी पति राज कुमार उम्र 31 वर्ष निवासी नारायणपुर (सरईझोथा) थाना झगराखांड़ को 29 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुनील तिवारी, चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक डीपी रवि, आरक्षक अनिल दुबे, बाबूलाल सायतोड़े, महिला आरक्षक इसिता श्रीवास्तव की सक्रिय भूमिका रही।

### गर्मी का एहसास ...

घड़े के साथ सुराही विक्रय करते हैं और बरसात शुरू होने के पूर्व वापस चले जाते हैं। उल्लेखनीय है कि गर्मी के सीजन में शहर के लोग ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी शीतल जल के लिए बाजार से मिट्टी के घडे क्रय करते हैं, इसलिए मिट्टी के घडे को देशी फ्रीज की संज्ञा भी दी गई है। इस दौरान शहर से लेकर गांव-गांव के बाजार में मिट्टी के घडे खूब बिकते हैं।







